तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 15.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, बुधवार 21 जनवरी 2026

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला

13 रामायण हमें सत्य, धर्म, मर्यादा, त्याग, करुणा ...



14 मां शारदा स्कूल के छात्रों ने तुरतुरिया का किया...



## खबर संक्षेप

### 12 लीटर महुआ शराब जब्त, आरोपी गिरफ्तार




**भटगांव।** अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के अभियान के तहत भटगांव पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर रेड कार्रवाई करते हुए नगर पंचायत भटगांव के मानस चौक निवासी एक व्यक्ति को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है।पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि मानस चौक निवासी नरेंद्र टंडन अपने घर के आंगन में भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब रखकर उसकी बिक्री करने की फिराक में है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के घर पर छापा मारा। पुलिस ने आरोपी नरेंद्र टंडन उर्फ जम्मू लाल टंडन 33 वर्ष निवासी मानस चौक भटगांव के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब जब्त की, जिसकी कीमत लगभग 2,400 रुपए आंकी गई। आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा है।

### राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने किया लोकार्पण

# शहर में बनी आकर्षक चौपाटी, शुभारंभ

**शहरवासी मनोरंजन के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का उठा सकेंगे लुत्फ**









हरिभमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव की तर्ज पर नगर में चौपाटी की शुरुआत हुईं, जो इसे शहरी पहचान दिलाएगी। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सोमवार को विधिवत पूजा -अर्चना कर बलौदाबाजार चौपाटी का लोकार्पण किया। लोकार्पण कर यह स्थल आमजनों के लिये खोल दिया गया। शहर के हृदय स्थल स्वामी विवेकानंद सरोवर के किनारे नगर पालिका परिषद द्वारा सुन्दर और आकर्षक चौपाटी विकसित किया गया है। इसके साथ ही सरोवर का सौंदर्यीकरण एवं अन्य विकास कार्य भी किए गए हैं।

कार्यक्रम में मंत्री वर्मा ने कहा कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार द्वारा सकारात्मक सोच के साथ चौपाटी विकसित किया गया है जो शहर के लिये उपलब्धि है। इस चौपाटी में शहरवासी मनोरंजन के साथ स्वादिष्ट व्यंजनों का लुत्फ ले सकेंगे। चौपाटी को बहुत ही सुंदर बनाया गया है, लेकिन इसकी सुंदरता बनाए रखने के लिये साफ- सफाई का ध्यान रखना होगा।

उन्होंने कहा कि आज बलौदाबाजार विकास के पथ पर तेजी से अग्रसर है। विकास के लिये सरकार कोई कसर नहीं छोड़ेगी। राजस्व मंत्री ने इस अवसर पर अपने चिर परिचित अंदाज में प्रसिद्ध छत्तीसगढ़ी गीत गाकर लोगों को मंत्र मुग्ध किया। तकनिकी शिक्षा मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि रायपुर की तर्ज पर बहुत ही सुंदर चौपाटी विकसित की गई है, जहां एक ही स्थान पर मनोरंजन व अनेक व्यंजन उपलब्ध होग़ा। बलौदाबाजार नगर तेजी से विकास हो रहा है, जिसमें सभी का सहयोग मिल रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी के 2047 तक विकसित भारत संकल्प के साथ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ को विकसित प्रदेश बनाने सबका सहयोग जरुरी है। इसके पूर्व मंत्री द्वय ने चौपाटी का भ्रमण कर स्टॉलों और दुकानों का अवलोकन किया और लोगों की प्रतिक्रिया भी जानी। उन्होंने लोगों से चौपाटी का आनंद लेने और स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने की अपील की। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव, पूर्व विधायक डॉ. सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा,लक्ष्मी बघेल, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी,नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले सहित पार्षदगण एवं बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

### फूड जोन और चिल्ड्रेन प्ले एरिया

चौपाटी में एक आधुनिक फूड स्टॉल और रेस्टोरेंट विकसित किए गए हैं, जिसमें एक दर्जन से अधिक स्टॉल है। इसके अलावा, बच्चों के लिए चिल्ड्रन प्ले एरिया में झूले और अन्य मनोरंजन साधन उपलब्ध कराए गए हैं।चौपाटी में सुरक्षा और सुव्यवस्था के लिए पार्किंग की व्यवस्था, फ्लोटिंग फाउंटेन, सेल्फी प्वाइंट और फ्लोटिंग जेट्टी जैसी सुविधाएं भी दी गई हैं। इसके अलावा, चौपाटी में कांक्रीट सड़क और लॉन जैसी सुविधाएं भी विकसित की गई है। इस चौपाटी के शुरू ही जाने से शहरवासियों को मनोरंजन का एक नया केन्द्र मिल गया है। युवा और बच्चे मनोरंजन के लिये वहीं बुजुर्ग सरोवर के चारों तरफ बने पाथ-वे में वाकिंग के लिए आ सकते हैं।

# ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने मनरेगा बचाव अभियान पदयात्रा का किया शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा ब्लाक अध्यक्ष रिंकू भाटिया के नेतृत्व में सोमवार से मनरेगा बचाव अभियान के तहत सिमगा ब्लाक के पांचों मंडल में पदयात्रा का शुभारंभ किया गया। इसके तहत ढेकुना मंडल अंतर्गत ग्राम दरचुरा, अकलतरा, गणेशपुर, विश्रामपुर एवं चौरेंगा में पदयात्रा कर मनरेगा बचाव अभियान चला।

ज्ञात हो कि यह कार्यक्रम 19 जनवरी से शुरू होकर लगातार 11 दिनों तक पदयात्रा करते हुए 29 जनवरी को सिमगा में समापन किया जाएगा। इस अभियान के प्रदेश कांग्रेस प्रतिनिधि सुनील माहेश्वरी एवं वरिष्ठ नेताओं ने झंडी दिखाकर पदयात्रा रथ को रवाना किया। माहेश्वरी ने बताया कि मोदी सरकार मनरेगा को खत्म कर किसान, मजदूर वर्ग के लोगों के अधिकार को छीन रही है। उन्होंने बताया कि मनरेगा का काम केवल मोदी सरकार द्वारा चुने गए गांव में मिलेगा, फसल कटाई के मौसम में आपको काम नहीं मिलेगा, मनरेगा में काम करने वाले किसान, मजदूर वर्ग के लोगों की मजदूरी मोदी सरकार अपनी मर्जी से मनमाने ढंग से तय करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष रिंकू भाटिया, राजमहंत जगमोहन मार्कंडेय, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष भागवत सोनकर, किसान नेता अय्यूब खान, सोनू भोंसले, पार्षद परदेशी सोनकर, पूर्व एल्डरमैन हिरेंद कोशले, पूर्व पार्षद अशोक देवांगन, पूर्व पार्षद राहुल शर्मा, पूर्व पार्षद संजय कोशले, सरपंच रणजीत सोनवानी, नरेश ध्रुव, राजा तिवारी, विक्रम पाण्डेय, यश शर्मा, विक्की मानिकपुरी, विक्रमादित्य पांडे, दादू देवांगन, मुंशी, विनोद आदि उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप



### सीआरपीएफ में विकास का चयन

**झलप।** ग्राम झलप के रविदास नगर वार्ड क्रमांक 7 निवासी विकास यूग्रे पिता स्वर्गीय मदन यूग्रे का सीआरपीएफ में चयन हुआ है। उनके चयन पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रहास गोलू चंद्राकर, सरपंच राकेश साहू, भाजपा नेता खेमराज बघेल, जिलाध्यक्ष रविदास समाज देवेंद्र रौतिया, आलोक नायक, संतोष पंडा, राजेंद्र चंद्राकर, वार्ड पंच चेतन रौतिया, चैतराम पटेल, भुवन युगरे आदि ने हर्ष जताया है।



### बटोरा में 5 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन 23 को

**कोमाखान।** बसंत पंचमी पर 23 जनवरी को प्रज्ञा पीठ बटोरा (कोमाखान) में 5 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस दिन प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक अखंड जाप व 10.30 बजे से यज्ञ प्रारंभ होकर दोपहर 1:30 बजे से भोजन प्रसाद वितरण होगा। कार्यक्रम में समस्त परिजनों को सपरिवार आमंत्रित किया गया है। उक्त जानकारी केआर सोनी नें दी है।

### उद्योग स्थापना के लिए आवेदन आमंत्रित

**महासमुंद।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना वर्ष 2025-26 के अंतर्गत जिले में खाद्य प्रसंस्करण उद्योग स्थापित करने के लिए इच्छुक व्यक्तियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। महाप्रबंधक जिला व्यापार एव उद्योग केंद्र ने बताया कि इस योजना के तहत राइस मिल, दाल मिल, आटा, बेसन, मैदा निर्माण, मसाला, बेकरी उत्पाद, दूध एवं दुग्ध उत्पाद, पापड़-बड़ी, नमकीन-मिक्चर, अचार, सॉस, जैम, जेली, गुड़, चॉकलेट, कन्फेक्शनरी, मिठाई उत्पाद, आइसक्रीम, पशु आहार, मछली आहार, मशरूम उत्पाद, मुर्गी आहार, चटनी, जूस, साबुदाना, घी, पोहा निर्माण, लहसुन-प्याज एवं अदरक पेस्ट, पेठा, तिलकुट सहित अन्य खाद्य प्रसंस्करण इकाइयां स्थापित की जा सकती हैं।

चर्चा : कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने ली समय-सीमा की बैठक

# अवैध धान खरीदी में संलिप्त कोचियों के विरूद्ध करें सख्त कार्रवाई : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक आयोजित कर जिले में संचालित शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों एवं आगामी आयोजनों की विस्तृत समीक्षा की। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर सचिन भूतड़ा, रवि कुमार साहू, अनुविभागीय अधिकारी, विभागीय जिलाधिकारी, जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ तथा वीसी के माध्यम से ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने धान खरीदी की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि धान खरीदी निरंतर जारी रहे। उन्होंने नोडल अधिकारियों को लगातार उपार्जन केंद्रों का निरीक्षण कर भौतिक सत्यापन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि उठाव में देरी के कारण किसी भी स्थिति में खरीदी बंद न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। कलेक्टर ने कहा कि धान खरीदी के लिए अब केवल 7 दिन ही शेष रह गए हैं, ऐसे में छोटे एवं सीमांत कृषकों को धान खरीदी में प्राथमिकता देवें। अंतरराज्यीय एवं सभी जांच चौकियों में सतर्कता से निगरानी रखने एवं आशंका की स्थिति में संबंधित परिवहन की जांच एवं कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि धान खरीदी से संबंधित कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा संबंधित पर कार्रवाई की जाएगी। कोचियों पर सतत निगरानी रखी जाए एवं उनके स्टॉक का भौतिक सत्यापन करते रहें। किसी भी तरह अवैध धान की खरीद बिक्री न हो। शिकायत पाए जाने पर सख्त कार्रवाई करें। बैठक में अन्य शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की भी विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनहित के कार्यों में तेजी, गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए, तथा समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। साथ ही उन्होंने पीएम जनमन, मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनचौपाल, समय-सीमा पत्रक और राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। समय सीमा के पश्चात सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कहा कि सबसे पहले अधिकारी-कर्मचारी यातायात नियमों का अनिवार्यतः पालन सुनिश्चित करें। दैनिक आवाजाही में वाहनों का उपयोग के दौरान सीट बेल्ट और हेलमेट का उपयोग करें। उन्होंने यातायात प्रभारी को नियमित चेकिंग के निर्देश दिए हैं। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ने यातायात संबंधी अन्य जानकारी दी।




### विभागों को नियमित मॉनिटरिंग करने के दिए निर्देश

कलेक्टर ने मुख्यमंत्री द्वारा गढ़फुलझर, झलप, खल्लारी, सलखण्ड एवं दुर्गापाली में की गई घोषणाओं के समय-सीमा में तथा गुणवत्ता पूर्ण क्रियान्वयन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। संबंधित विभागों को नियमित मॉनिटरिंग करने के लिए कहा गया। बैठक में आधार बेस्ड उपस्थिति प्रणाली को अनिवार्य करते हुए कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी-कर्मचारी प्रतिदिन सुबह 10 बजे कार्यालय में उपस्थित रहें। उपस्थिति में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। ई-ऑफिस प्रणाली को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी फाइलों का मूवमेंट ई-फाइल के माध्यम से ही किया जाए, यह अनिवार्य है। इससे कार्यों में पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित होगी। गांवों और हाईवे किनारे समुचित कचरा प्रबंधन के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर ने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर कचरा पेटी की व्यवस्था की जाए तथा नियमित अंतराल पर उसकी सफाई करे। लोगों में यह आदत विकसित करें कि कचरा इधर-उधर न फेंके और कचरा पेटी में ही डालें।

## मोगेश बने भाजपा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंहदेव के सहमति से भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष आलोक सिंह ठाकुर द्वारा बागबाहरा क्षेत्र के भाजपा नेता व पूर्व पार्षद मोगेश पिंटू चंद्राकर को छत्तीसगढ़ भाजपा किसान मोर्चा में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया है। उनको प्रदेश स्तर पर कार्यकारिणी सदस्य बनाए जाने पर नगर समेत पूरे खल्लारी क्षेत्र में हर्ष व्याप्त है। नवनियुक्त प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मोगेश पिंटू चंद्राकर ने विश्वास व्यक्त किया है कि आपका यह दायित्व निर्वहन संगठन को सशक्त करेगा। किसानों के हित में नई दिशा मिलेगी। पिंटू को प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बनाए जाने पर बागबाहरा शहर मंडल अध्यक्ष डिंपल डाली ध्रुव, भीखम सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष जिला पंचायत महासमुंद, अतुल गंडेचा बलराम ठाकुर, शंकर तांडी ने हर्ष जताया है।

## नबीन के भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने से कार्यकर्ताओं में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ⏭ बागबाहरा

संगठन पर्व के अंतर्गत युवा नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के निर्विरोध 12वें राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर अल्का चंद्राकर (स्वतन्त्र निदेशक इस्पात मंत्रालय भारत सरकार) एवं खल्लारी विधानसभा क्षेत्र के समस्त भाजपा पदाधिकारी-कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया है। अल्का ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी में ही संभव है कि एक आम कार्यकर्ता भी राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद तक पहुंच सकता है। नितिन नबीन के रूप में एक युवा को दुनिया की सबसे बड़े राजनीतिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में चुनकर भाजपा ने आज की राजनीतिक व्यवस्था में युवाओं के महत्व को दिखाया है। भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन राजनीति में सत्ता और संगठन दोनों का अच्छा अनुभव रखते हैं, बिहार प्रदेश के बांकीपूर विधानसभा क्षेत्र से लगातार 4 बार विधायक तथा बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री के रूप में भी कार्य कर चुके हैं। इसी प्रकार संगठन में भी विभिन्न दायित्व जैसे राष्ट्रीय महामंत्री युवा मोर्चा, प्रदेश अध्यक्ष बिहार युवा मोर्चा, छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा के प्रभारी के रूप कार्य कर चुके हैं।



अलका ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प को पूरा करने में भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता कंधे से कंधा मिलाकर कार्य करेगी तथा आने वाले वर्षों में विभिन्न प्रदेशों के विधानसभा चुनावों तथा लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को विजयी बनाने के लिए दिन रात मेहनत करेगी।



### महिलाओं की सुविधा व स्वच्छता के लिए न्यायालय परिसर में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन स्थापित

**महासमुंद।** जिला न्यायालय परिसर में महिलाओं की सुविधा, सुरक्षा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन का सफलतापूर्वक स्थापना/लोकार्पण किया गया। इस पहल का उद्देश्य न्यायालय में आने वाली महिला अधिवक्ताओं, महिला कर्मचारियों एवं महिला आगंतुकों को मासिक धर्म के समय आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि यह कदम महिलाओं के स्वास्थ्य, सम्मान और स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। वेंडिंग मशीन के माध्यम से आवश्यकता पड़ने पर महिलाएं आसानी से सैनिटरी पैड प्राप्त कर सकेंगी, जिससे उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। कार्यक्रम के दौरान सौरभ मालू ने बताया कि महिलाओं के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराना समाज की जिम्मेदारी है और ऐसी सुविधाएं सार्वजनिक स्थानों पर आवश्यक हैं।




### राष्ट्रीय शालेय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में जिले के 4 खिलाड़ियों ने जीता कांस्य पदक

**महासमुंद।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा 69 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीडा प्रतियोगिता बास्केटबॉल अंडर 17 वर्ष बालिका वर्ग का आयोजन दिनांक 11 से 15 जनवरी 2026 तक राजनांदगांव में आयोजित किया गया, जिसमें जिले के मां गायत्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 04 खिलाड़ी दिव्या पिता विनोद रंगारी, स्वाति पिता श्यामू यादव, राइमा पिता रखाल दास एवं पलक पिता जगदीश पंचबद्धे का चयन हुआ। सभी खिलाड़ी मिनी स्टेडियम महासमुंद में बास्केटबॉल खेल का अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप राजनांदगांव के लिए जिले से चयनित हुए हैं। छत्तीसगढ़ की टीम ने राजनांदगांव में बेहतर प्रदर्शन कर कांस्य पदक जीतकर जिले व प्रदेश को गौरवांवित किया हैं।

## युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे नबीन: रूपकुमारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

भारतीय जनता पार्टी के सर्वसम्मति से राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्वाचित होने पर नितिन नबीन को भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद रूपकुमारी चौधरी ने शुभकामनाएं दी हैं। श्रीमती चौधरी ने विश्वास व्यक्त किया कि नबीन के ऊर्जावान नेतृत्व में प्रधानमंत्री द्वारा तय किए गए विकसित भारत के विजन को युवा ही पूरा करेंगे, जो देश का मार्गदर्शन करने और उसे एक विकसित भारत



बनाने में आगे बढ़कर नेतृत्व करेंगे। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष रूपकुमारी ने कहा कि यह बहुत गर्व की बात है कि एक युवा नेता के रूप में नबीन ने आज दुनिया की सबसे बड़ी पॉलीटिकल पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष का गुरुतर दायित्व ग्रहण किया है। सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नबीन अपनी जिम्मेदारियां निभाएंगे। भाजपा ने देश और कार्यकर्ताओं को एक संदेश दिया है कि जो भी कड़ी मेहनत करेगा, एक आम कार्यकर्ता भी प्रदेश अध्यक्ष और यहां तक कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बन सकता है। युवाओं को पार्टी में नई दिशा और नई सोच लाने का मौका दिया गया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि नबीन सत्ता और संगठन में कर्मठ प्रशासक व समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। संगठनात्मक कार्यों का उनका लंबा अनुभव है।



### भरोसा कैलेंडर का हुआ विमोचन : अंकित

**महासमुंद।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी छपवाए जाने वाले वार्षिक कैलेंडर का विमोचन पूर्व मुख्यमंत्री व राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी भूपेश बघेल के द्वारा किया गया। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त सुशील सन्नी अग्रवाल, कुनकुरी के नगर पंचायत अध्यक्ष विनयशील, सुशील ओझा, हनी बग्गा भी उपस्थित थे।

### महिलाओं का कार्यस्थल पर लैगिंक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के संबंध में जागरुकता कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के प्रावधानों के विषय में जिले में 19 जनवरी को महाविद्यालयों में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य महाविद्यालय मचेवा एवं शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय मचेवा में आयोजित हुआ। जिसमें क्रमशः प्रभारी प्राचार्य डॉ मालती तिवारी एवं प्राचार्य डॉ शीलभद्र कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम में सी-बॉक्स पोर्टल एवं महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान पूनम केसरिया संरक्षण अधिकारी (घरेलू हिंसा), झलक साहू केंद्र प्रशासक सखी वन स्टॉप सेंटर, खिलेश्वरी चक्रधारी मिशन समन्वयक महिला सशक्तिकरण केंद्र, जागेश्वरी सोनवानी चाइल्ड लाइन मिशन वात्सल्य का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में कॉलेज के समस्त स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं अधिक संख्या में उपस्थित रहे।

## विधायक निवास में हुआ ब्राह्मण भोज, विधायक ने परिवार सहित किया सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक भी किया गया

विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के निवास में सोमवार को ब्राह्मण भोज हुआ। साथ ही पार्थिव शिवलिंग का रूद्राभिषेक भी हुआ। विधायक सिन्हा ने आए हुए ब्राह्मणों का परिवार सहित सम्मान के साथ स्वागत एवं अभिनंदन किया। इसके पश्चात उन्हें भोजन के लिए आग्रह किया। ब्राह्मणों ने भी विधायक के आमंत्रण को स्वीकार करते हुए भोज में शामिल हुए। विधायक ने पूरे परिवार सहित ब्राह्मणों का आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही धार्मिक विषयों पर उनका मार्गदर्शन भी लिया। इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने कहा कि ब्राह्मणों ने ऐतिहासिक रूप से धर्म, कला, विज्ञान और राजनीति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके ज्ञान, शिक्षा, धार्मिक नेतृत्व और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में उनका महत्व निहित है, जो भारतीय समाज की नींव का एक महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। सनातन परंपरा में ब्राह्मण को समाज का मार्गदर्शक, विचारक और संतुलनकर्ता माना गया है।



### जिले में ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट आज, 69 प्रतिभागी हुए पंजीकृत

**महासमुंद।** भारत सरकार द्वारा आयोजित इंडिया स्किल कॉम्पिटिशन 2025 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित करने एवं चरणबद्ध चयन प्रक्रिया को सुचारू, पारदर्शी तथा समयबद्ध रूप से संपादित करने के लिए राज्य द्वारा चयनित 19 ट्रेड/स्किल में पंजीकृत प्रतिभागियों का ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में 21 जनवरी 2026 को प्रातः11 बजे से जिला परियोजना लाइवलीहुड कॉलेज, पॉलिटेक्निक भवन बरोंडा बाजार में एनआईसी द्वारा आयोजित ऑनलाइन स्क्रीनिंग टेस्ट के माध्यम से प्रतियोगिता कराई जाएगी। प्रथम चरण में जिला स्तर पर बहुविकल्पीय प्रश्न आधारित ऑनलाइन टेस्ट आयोजित कर प्रतिभागियों की प्रारंभिक योग्यता का निष्पक्ष मूल्यांकन किया जाएगा। ताकि, द्वितीय चरण में राज्य स्तर पर आयोजित होने वाले व्यावहारिक, हैंड-वर्क स्किल टेस्ट के लिए योग्य प्रतिभागियों का चयन किया जा सके। इस प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागियों को राज्य स्तर पर चयन के साथ-साथ वर्ल्ड स्किल कॉम्पिटिशन शंघाई 2026 में सम्मिलित होने का सुनहरा अवसर प्राप्त होगा। इस प्रतियोगिता के लिए कुल 69 प्रतिभागियों का पंजीयन किया गया है।

### बिजली बिल बकायेदारों के काटे गए कनेक्शन, उपभोक्ताओं से वसूले गए 77.33 लाख

**सरायपाली।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड सरायपाली संभाग द्वारा बकाया विद्युत बिलों की वसूली के लिए सघन अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत अधीक्षण अभियंता (वृत्त) महासमुंद वायके मनहर के मार्गदर्शन में तथा कार्यपालन अभियंता सरायपाली टीके पटेल के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन कर राजस्व वसूली की कार्रवाई की जा रही है। अभियान के दौरान सरायपाली विद्युत संभाग के अंतर्गत सरायपाली (शहर), सरायपाली (ग्रामीण). बलौदा, छुईपाली, पाटसेंद्र, भंवरपुर, सागरपाली, पिरदा, पथरला, बसना (शहर), बसना (ग्रामीण) एवं गढ़फुलझर वितरण केंद्रों में 01 जनवरी 2026 से 19 जनवरी 2026 तक बकाया विद्युत बिलों के कारण कुल 6 करोड़ 71 लाख 49 हजार रुपए की राशि वाले 2506 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किए गए। विद्युत कनेक्शन विच्छेदन के पश्चात 949 उपभोक्ताओं द्वारा 77.33 लाख रुपए की बकाया राशि का पूर्ण अथवा आंशिक भुगतान किया गया। राजस्व वसूली अभियान के दौरान आधुनिक तकनीक का व्यापक उपयोग करते हुए स्मार्ट मीटर एवं ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई की गई, जिससे बिना स्थल भ्रमण के त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई संभव हो सकी। सरायपाली संभाग में 211 उपभोक्ताओं की कुल 82.00 लाख रुपए की बकाया राशि होने के कारण उनके विद्युत कनेक्शन ऑनलाइन माध्यम से तत्काल प्रभाव से बंद किए गए। इसके उपरांत 55 उपभोक्ताओं द्वारा 11.87 लाख रुपए की राशि का भुगतान किया गया, जिनकी विद्युत आपूर्ति नियमानुसार पुनः बहाल की गई। कार्यपालन अभियंता टीके पटेल ने बताया कि विच्छेदित विद्युत कनेक्शन को यदि किसी भी उपभोक्ता द्वारा अनाधिकृत रूप से पुनः जोड़ा जाता है, तो संबंधित उपभोक्ता के विरुद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 138 के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी उपभोक्ता की स्वयं की होगी। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बकाया विद्युत बिलों की वसूली के लिए विभाग द्वारा आगे भी विद्युत कनेक्शन विच्छेदन की कार्रवाई निरंतर जारी रखी जाएगी।

जिले के 07 खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप भवनेश्वर के लिए

# राष्ट्रीय रग्बी चैंपियनशिप में महासमुंद जिले के 7 खिलाड़ी शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

राष्ट्रीय सेवेंस रग्बी फुटबाल चैंपियनशिप का आयोजन भुवनेश्वर ओडिशा 16 से 21 जनवरी 2026 तक आयोजित किया गया हैं। महासमुंद जिले के 03 बालक एवं 04 बालिकाओं का चयन राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। जिसमें बालक टीम में झलक ध्रुव पिता मनाराम ध्रुव ग्राम खमतराई सिरपुर, भूपेंद्र साहू पिता शंकर लाल साहू तुमगांव, विनय तारक तुमगांव एवं बालिका टीम में जिया खान पिता अब्दुल माजिद खान, प्रियंका साहू पिता केशव साहू, नंदनी निषाद पिता दिलीप निषाद, निशा ध्रुव पिता जानश्री ध्रुव शामिल है।

छत्तीसगढ़ रग्बी संघ द्वारा राज्य स्तरीय रग्बी प्रतियोगिता रायपुर में आयोजित किया गया था। जिसमें महासमुंद जिला ने बालक एवं बालिका दोनों टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर विजेता बनने का गौरव हासिल किए हैं। रग्बी चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर इन खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय चैंपियनशिप भुवनेश्वर उड़ीसा के लिए किया गया। जिले में रग्बी खेल का अभ्यास डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक भोरिंग एवं सीनियर खिलाड़ियों के माध्यम से तुमगांव, भोरिंग, बेलसोंडा एवं पटेवा में नियमित अभ्यास कराया जाता हैं,



जिससे खिलाड़ी बेहतर खेल कौशल का प्रदर्शन कर राज्य एवं राष्ट्रीय चैंपियनशिप में भागीदारी करते आ रहे हैं एवं राज्य स्तर पर पदक जीतने में सफल हो रहे हैं। डॉ. सुनील कुमार भोई व्यायाम शिक्षक के प्रशिक्षण के द्वारा प्रति वर्ष 150 से अधिक खिलाड़ी राज्य स्तर पर प्रतिनिधित्व करते हैं एवं 40 से अधिक खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व कर जिले को गौरवान्वित करते आ रहे हैं।

राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 07 खिलाड़ियों के चयन होने पर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, जिला शिक्षा अधिकारी विजय कुमार लहरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण महासमुंद मनोज कुमार घृतलहरे, हुलसी चंद्राकर, सहायक क्रीड़ा अधिकारी अंजलि बरमाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिंहा, हिना ढालेन, हर्ष शर्मा, प्रीति त्रिभवन धीवर, भेखराम साहू, प्राचार्य शाउमावि भोरिंग कमलेश्वरी साहू, व्यायाम शिक्षक डॉ. सुनील कुमार भोई, प्राचार्य शाउमावि बेलसोंडा डीएन जांगड़े, व्यायाम शिक्षक इंद्राणी भास्कर, शोभासिंह देव, जगदीश सिंहा, हेतमलता ठाकुर, राजकुमारी पटेल समस्त स्टाफ बेलसोंड़ा, पुष्पा साहू, जीवन लाल साहू, यूआर साहू, भुवनेश्वरी शुक्ला, दीप्ति वर्मा, तनुश्री देशपांडे, स्मिता दास, रामनारायण साहू, संतोष यादव, शाला विकास समिति के अध्यक्ष पोखन लाल ढीढी, ओसराम ढीढी तथा समस्त सदस्य, प्रियंका लवेश ढीढी जनपद पंचायत महासमुंद, सरपंच ग्राम पंचायत भोरिंग लीला लोकेश्वर साहू, उपसरपंच भेख राम साहू, वेद प्रकाश साहू पंच, हितेंद्र ढीढी, कुनाल चंद्राकर, डोलेश होता, कामता प्रसाद साहू, आनंद टंडन, तेथिस चेलक, सतीश साहू, सावित्री साहू, गायत्री तरुण साहू, जगदीश धीवर, जिला रग्बी संघ के खिलाड़ियों ने हर्ष जताया है।

## खबर संक्षेप



### गणेश सिंह ध्रुव का कद बड़ा, एआईसीसी ने बनाया उड़ीसा का प्रभार

**भाटापारा।** ऑल इंडिया आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय समन्वयक गणेश सिंह ध्रुव के प्रथम ओडिशा आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। भुवनेश्वर पहुंचते ही प्रदेश कांग्रेस और आदिवासी कांग्रेस के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य और जोरदार स्वागत किया। गणेश सिंह ध्रुव 18 से 20 जनवरी तक ओडिशा के दौरे पर गये, जहां वे आदिवासी कांग्रेस के राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ अहम बैठकें की। इनमें संगठन को मजबूत करने, जमीनी मुद्दों को उठाने और आदिवासी अधिकारों को लेकर रणनीति तय की गई। इस दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ भी बैठक हुई, जिसमें आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों, जन आंदोलनों और आदिवासी समाज से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से मंथन किया गया। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गणेश सिंह ध्रुव के नेतृत्व की सराहना करते हुए कहा कि उनके राष्ट्रीय समन्वयक बनने के बाद आदिवासी कांग्रेस को नई दिशा और मजबूती मिली है। भुवनेश्वर में बैठक के बाद गणेश सिंह ध्रुव दिल्ली के लिए रवाना हुए। दौरा न केवल संगठनात्मक मजबूती का संकेत है, बल्कि आगामी दिनों में आदिवासी राजनीति में कांग्रेस की सक्रिय भूमिका को भी दर्शाता है।

### देशी प्लेन व अंग्रेजी अवैध शराब जब्त

**महासमुंद।** ग्राम मुढ़ीपार के पास पिथौरा पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी अरूण घरडे पिता बालकिशन घरडे (42 वर्ष) निवासी वार्ड क्र 13 पिथौरा थाना पिथौरा के कब्जे से 30 नग गोवा अंग्रेजी शराब, 12 नग देशी प्लेन शराब कीमती 4560 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

### हादसे में युवक की मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की ठोकर से एक युवक की मौत हो गई। मामले की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को खैरा के मोहित यादव ने बताया कि 18 जनवरी की शाम 7 बजे उसका बडा भाई गोविंदा यादव पिता रामसाय यादव (37 साल) घर से निकला था, किंतु रात में वापस नहीं आया था। 19 जनवरी की सुबह उसे पता चला कि उसके बड़े भाई की रोड एक्सीडेंट में गंभीर चोट लगने से मृत्यु हो गयी है एवं जिला अस्पताल महासमुंद में उसके शव को रखा गया है। सूचना मिलते के बाद वह जिला अस्पताल महासमुंद गया, जहां पहंचकर देखा तो चीर घर में बडे भाई गोविंदा के शव को रखा गया था। बाद में पता चला कि गोविंदा का भार्गव पेट्रोल पंप के पास एनएच 353 रोड महासमुंद में एक्सीडेंट हुआ था।

# रामायण हमें सत्य, धर्म, मर्यादा, त्याग, करुणा और कर्तव्य का मार्ग दिखाती है : साव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

राष्ट्रीय रामायण मेला का उद्देश्य केवल आयोजन नहीं, बल्कि नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जोड़ना है। यह मेला हमें हमारी पहचान, हमारी संस्कृति परम्परा और संस्कारों की याद दिलाता है। मैं विशेष रूप से युवाओं से कहना चाहता हूं कि आधुनिक तकनीक अपनाइए, खूब आगे बढ़िए, लेकिन संस्कार और संस्कृति को कभी न भूलिए रामायण को सिर्फ पढ़िए नहीं, रामायण से जीने का प्रयास कीजिए। उक्त बातें राष्ट्रीय रामायण मेला के मुख्य अतिथि इन्द्र साव ने समापन अवसर पर कहा उन्होंने कहा रामायण केवल एक ग्रंथ नहीं है, रामायण हमारे जीवन जीने की कला है। यह हमें सत्य, धर्म, मर्यादा, त्याग, करूणा और कर्तव्य का मार्ग दिखाती है। विधायक इन्द्र साव ने सफल आयोजन के लिए समिति के संयोजक ललित सिंह ठाकुर, अध्यक्ष बिहारी लाल अग्रवाल, भंवर सिंह साहू, मोहन केसरवानी, कल्याण सिंह ठाकुर, रमेश वर्मा,सत्यनारायण पटेल, डॉ. वीणा साहू, अरुण छाबड़ा, गौरी भृगु, सीमा मल, नीरा साहू, सती साहू,विनोद गुप्ता सहित स्थानीय रामलीला मंडली के सदस्यों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मुख्यरूप से ईश्वर सिंह ठाकुर, राजकुमार शर्मा, रोशन हबलानी, दिवाकर मिश्रा, वैभव केसरवानी, मुकेश साहू, मोहन निषाद, संजय केसरवानी, विमल शर्मा, जीत नारायण साव, रानू बरवाड़ सहित सैकड़ो नगरवासी उपस्थित थे।

## श्रीलंका एवं आसाम की मनमोहक प्रस्तुति ने खूब बटोरी तालियां




### कलाकारों का हुआ सम्मान

माता सीता का त्याग, लक्ष्मण का समर्पण, हनुमान जी की निष्ठा और भरत का भाईचारा ये सभी आदर्श आज भी हमारे सामाजिक और पारिवारिक जीवन को दिशा देने की क्षमता रखते हैं। विधायक इन्द्र साव ने श्री लंका, आसाम सहित विभिन्न क्षेत्रों से आये कलाकार, रामायणी, कथा वाचक, मानस मर्मज्ञ एवं आयोजकों का सम्मान किया। पांच दिवसीय राष्ट्रीय रामायण मेला का यह दूसरा वर्ष का आयोजन बहुत हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ।

## आशियाना मिलने से बदली तकदीर: अब न बारिश का डर, न जहरीले कीड़ों का खौफ

# पीएम आवास योजना से संवरी साधो बाई की गृहस्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



जिले के ग्राम पंचायत कसियारा निवासी साधो बाई पटेल के लिए आज का सूरज एक नई उम्मीद और सुकून लेकर आया है। वर्षों तक कच्चे मकान की असुरक्षा में जीवन काटने के बाद, अब प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके सिर पर पक्की छत का सपना साकार कर दिया है। यह मकान केवल ईंट-पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि साधो बाई के लिए स्वाभिमान और सुरक्षा का प्रतीक बन गया है।

अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए साधो बाई बताती हैं कि पहले का जीवन बेहद कष्टदायक था। मिट्टी की दीवारों और कच्ची छत के कारण बारिश के दिनों में घर के भीतर पानी टपकता था, जिससे न केवल गृहस्थी का सामान खराब होता था, बल्कि मेहनत से जुटाया गया राशन भी भीग जाता था। इतना ही नहीं, कच्चे घर में हमेशा जहरीले कीड़े-मकोड़ों का भय बना रहता था। कड़ाके की ठंड में रूह कंपा देने वाली सर्द हवाएं घर के भीतर तक प्रवेश कर जाती थीं, जिससे रातें काटना दूभर हो जाता था और पूरा जीवन अस्त-व्यस्त रहता था। लेकिन प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत पक्का मकान मिलने के बाद अब उनके जीवन की ये सभी परेशानियां बीते कल की बात हो गई हैं। साधो बाई अब एक सुरक्षित और सम्मानजनक परिवेश में रह रही हैं, जहाँ न तो उन्हें बारिश का डर है और न ही ठंड की चिंता। इस बड़ी राहत के लिए उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि सरकार की इस योजना ने उनके जैसे गरीब परिवारों को न केवल छत दी है, बल्कि जीने का एक नया आधार भी प्रदान किया है।

### दलहन–तिलहन फसल की ओर बढ़ा किसानों का रूझान

**गिरसानाला।** विकासखंड बिलाईगढ़ अंतर्गत ग्रीष्मकालीन धान फसल के स्थान पर दलहन एवं तिलहन फसलों को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम नवापारा के किसान पन्नालाल चौहान द्वारा 5 एकड़ क्षेत्र में उड़द तथा 1 एकड़ में मूंग की फसल की बोनी की गई। किसान ने बताया कि वह पूर्व में लगभग 12 एकड़ क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन धान की खेती करता था, लेकिन इस वर्ष कृषि विभाग के अधिकारियों की सलाह पर उसने दलहन फसलों को अपनाया है, जिससे दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भरता बढ़ेगी। कृषि विभाग द्वारा किसान को 5 एकड़ के लिए उड़द एवं 1 एकड़ के लिए मूंग का बीज निःशुल्क प्रदान किया गया। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कृष्ण कुमार साहू ने बताया कि ग्रीष्मकालीन धान की तुलना में दलहन एवं तिलहन फसलों में पानी की आवश्यकता काफी कम होती है, जिससे जल संरक्षण के साथ-साथ लागत में भी कमी आती है। उन्होंने स्वयं मौके पर उपस्थित होकर बीज की बोनी करवाई तथा किसानों को दलहन–तिलहन फसलों के महत्व की जानकारी दी। इस बोनी कार्यक्रम में ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी दीनानाथ साहू, प्रकाश कुमार थवाईत ब्लॉक टेक्नोलॉजी मैनेजर सहित अन्य किसान उपस्थित थे।



## परसाडीह में वार्षिक उत्सव 28 को



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

प्राथमिक शाला परसाडीह में शाला विकास समिति का आवश्यक बैठक हुई, जिसमें 28 जनवरी को शाला वार्षिक उत्सव मनाने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। इसके तहत 19 जनवरी दिन सोमवार को संस्था प्रमुख एवं शाला विकास समिति के सदस्यों के द्वारा मुख्य आतिथ्य हेतु सहमति लेने के लिए संयुक्त जिला कार्यालय बलौदाबाजार गए और जिला कलेक्टर दीपक सोनी से भेंट मुलाकात कर केंद्र सरकार में प्रशासनिक सेवा देने के लिए बधाई दी। वहीं 28 जनवरी को विद्यालय के वार्षिकोत्सव कार्यक्रम पर उत्साह पूर्ण सहमति प्रदान की गई। इस दौरान प्रधान पाठक दौलत कुंजाम, उप सरपंच रोशन कुमार साहू, शिक्षाविद नितेंद्र कुमार ध्रुव, सदस्य वैशाखूराम ध्रुव, रामप्रसाद ध्रुव प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

# पूर्व माध्यमिक शाला में हुई सिंधी भाषा परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद द्वारा प्रायोजित एवं पूज्य शदाणी दरबार रायपुर के नवम गद्दीनसीन संत डॉ. युद्धिष्ठर लाल के सौजन्य से सिंधी भाषा व संस्कृति के विकास के लिए सिंधी (देवनागरी) भाषा के माध्यम से स्थानीय पूर्व माध्यमिक शाला न्यू हिंदी में परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का शुभारंभ पूज्य सेन्ट्रल सिंधी पंचायत आयोजन समिति की के अध्यक्ष इंदरलाल थारानी के ने प्रश्न पत्र वितरण प्रारंभ कराया। परीक्षा की स्थानीय आयोजक किरण सचदेव, ज्योति जसूजा व पायल लालवानी ने जानकारी दी। सिंधी परीक्षा में भाटापारा के 60 परीक्षार्थियों ने सिंधी परीक्षा दी, इसमें 8 साल से 60 साल की आयु के परीक्षार्थी शामिल हुए। किरण सचदेव ने परीक्षार्थियों से अपील की सभी सिंधी परिवार के लोगों द्वारा सिंधी बोली एवं भाषा के विकास के लिए अपने मातृभाषा का उपयोग करें। शीतल आर्य ने संत डॉ. युधिष्ठिर लाल को धन्यवाद देते हुए कहा कि हम आपके आभारी हैं, जो पूज्य दरबार की तरफ से परीक्षा का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। आयोजन में मुख्य रूप से पूज्य पंचायत के इन्दरलाल थारानी, राजेश छाबड़िया, चंद्रपाल बागवानी, कैलाश बालानी, नंदलाल तनवानी, नानक गिदवानी, नितिन भोजवानी, महेश चन्दनी, ज्योति जसूजा, पायल लालवानी शीतल आर्य, किरण सचदेव एवं स्कूल प्रशासन का विशेष योगदान रहा।

## सिद्ध बाबा रेलवे क्रॉसिंग ओवर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज निर्माण के लिए डीआरएम रायपुर से प्रकाश मोदी ने मुलाकात की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग एडवाइजरी पैनल के सदस्य प्रकाश मोदी ने रायपुर मंडल के डीआरएम दयानंद से, अवधेश सीनियर डीसीएम से भेंट कर सिद्ध बाबा भाटापारा स्थित रेलवे क्रॉसिंग में बनने वाले ओवर ब्रिज एवं अंडर ब्रिज निर्माण पर चर्चा की। प्रकाश मोदी ने बताया खोखली सिमरिया में पोहा दाल चावल की सैकड़ों मिल है एवं ग्रासिम सीमेंट जाने हेतु मुख्य बाय पास मार्ग है, इस मार्ग में काफी आवागमन रहता है। क्योंकि मुंबई हावड़ा मेन में भाटापारा होने के कारण ट्रेनों का आवागमन अत्यधिक रहता है, जिसके कारण हमेशा फाटक बंद हो जाता है। जिससे पैदल चलने वाले यात्रियों को, छोटे वाहन से आने वाले स्कूल के बच्चों को, महिलाओं को बहुत परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । जबकि इसका पूर्व में टेंडर हो चुका है परंतु काम चालू नहीं हुआ है। प्रकाश मोदी ने मांग करी कि आप इसका यथाशीघ्र काम चालू करें ,जिससे आवागमन की सुलभता हो सके।

## रामचंद्र बने भाजपा अजजा मोर्चा के जिला अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह के आदेश तथा पूर्व विधायक गौरीशंकर अग्रवाल की सहमति से जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने भारतीय जनता पार्टी मंडल कसडोल के तीन बार के मंडल महामंत्री, असनिंद के पूर्व सरपंच एवं वरिष्ठ आदिवासी नेता रामचंद्र ध्रुव को भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा, बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है।

रामचंद्र ध्रुव की नियुक्ति से जिले में भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा को नई दिशा और मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। संगठन में उनके लंबे अनुभव, मजबूत जमीनी पकड़ तथा आदिवासी समाज के प्रति निरंतर समर्पित कार्य को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आदिवासी समाज में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में अनुसूचित जनजाति मोर्चा संगठनात्मक रूप से और अधिक सशक्त होगा तथा आदिवासी समाज की समस्याओं को मजबूती से पार्टी और शासन के समक्ष रखा जाएगा। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष रामचंद्र ध्रुव ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के साथ-साथ आदिवासी समाज के अधिकार, विकास और कल्याण के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

## 12.21 लाख से पाइपलाइन विस्तार कार्य प्रारंभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

नगर पंचायत द्वारा 15वें वित्त आयोग अंतर्गत वार्ड 14 व 15 में 12.21 लाख की लागत से पाइपलाइन विस्तार कार्य का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों की मौजूदगी में पूजा-अर्चना कर कार्य की शुरुआत की गई।

योजना के तहत महाविद्यालय तक 400 मीटर तथा महेंद्र साहू के घर से लीलाधर वर्मा के घर तक 300 मीटर पाइपलाइन बिछाई जाएगी, जिससे क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुदृढ़ होगी। नगर पंचायत अध्यक्ष गोपी साहू ने कहा कि इस कार्य से संबंधित वार्डों में नागरिकों को नियमित और सुचारू पेयजल सुविधा मिलेगी। नगर पंचायत द्वारा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार विकास कार्य किए जा रहे हैं।

कार्यक्रम में नगर पंचायत उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सीएमओ मनोज बंजारा, पार्षद नेम सिंह बांधे, कुमार धीवर, डोमार वर्मा, मनीष चंद्राकर, भोला वर्मा, घनश्याम धीरहे, जितेंद्र केसरवानी, इंजीनियर पोषण साहू सहित साधराम साहू, मिलन जोशी, जेठू टंडन, संजय साहू सहित नागरिक उपस्थित थे।

## राजिम माता जयंती महोत्सव में शामिल हुए मंत्री वर्मा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रिसदा

बलौदाबाजार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत पुरैना खपरी में राजिम माता जयंती महोत्सव में कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा का ग्रामवासियों ने आतिशबाजी के साथ स्वागत किया।

कार्यक्रम स्थल पर पहुंचने के बाद मंत्री सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व ग्रामीणों द्वारा राजिम माता की छायाचित्र की विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किये। कार्यक्रम पर पहुंचे मंत्री ने कहा कि बच्चों को बचपन से ही संस्कारवान बनाएं। बच्चों की पहली गुरु मां होती है। बच्चों के संस्कारवान होने से वे हर क्षेत्र में आगे बढ़ेंगे, वह गलत रास्ते पर नहीं जाएंगे और अपना भविष्य गढेंगे। साथ ही देश और राज्य की उन्नति तरक्की होगी माता-पिता का नाम रोशन होगा। ग्राम के सरपंच राम रोशन साहू उप सरपंच चित्रलेखा अखिलेश साहू, नारायण यादव, कार्तिक राम साहू, दुर्गेश्वरी, खुबीराम साहू, सुनीता साहू, बृहस्पति यादव, कुमारी बाई डहरिया, सुनील निषाद, लता निषाद कार्यक्रम के दौरान दौरान गिरधर साहू, ललित साहू, रेशम साहू, लेखनी साहू, लखेश्वरी साहू, शिवनारायण साहू, उमेंद राम साहू, डेरहा राम साहू, सुन्दर लाल साहू, ओमशांकर साहू, रामचरण साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## दिव्य प्रसंगों का सरल और भावपूर्ण विवेचन किया गया

# भागवत कथा में भक्ति चरित्रों की प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा





ग्राम परसदा (कनकी) में ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित नौ दिवसीय श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं को सृष्टि की उत्पत्ति से लेकर महान भक्तों के जीवन प्रसंगों तक का भावविभोर करने वाला वर्णन सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

कथा वाचक पं. ओमप्रकाश शर्मा द्वारा श्रीमद्भागवत महापुराण के दिव्य प्रसंगों का सरल एवं भावपूर्ण विवेचन किया गया। कथा के प्रारंभिक सत्र में सृष्टि वर्णन का प्रसंग प्रस्तुत करते हुए बताया गया कि भगवान श्री हरि की इच्छा मात्र से पंचमहाभूत, लोक, काल, कर्म एवं जीवों की उत्पत्ति हुई। ब्रह्मा द्वारा सृष्टि रचना और समस्त ब्रह्मांड में धर्म की स्थापना का वर्णन सुन श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। इसके पश्चात कपीलोपाख्यान का वर्णन किया गया, जिसमें तप, संयम और ब्रह्मचर्य के महत्व को उजागर किया गया।

कथावाचक ने बताया कि तपी लोक वह दिव्य स्थान है जहां महान ऋषि-मुनि तपस्या के माध्यम से ईश्वर की आराधना करते हैं। यह प्रसंग मानव जीवन में संयम, साधना और आत्मशुद्धि की प्रेरणा देता है। कथा में आगे सती चरित्र का मार्मिक वर्णन किया गया। माता सती के त्याग, स्वाभिमान और शिवभक्ति का प्रसंग सुनकर श्रोता भावुक हो उठे। इस प्रसंग से यह संदेश मिला कि सच्ची लगन, श्रद्धा और विश्वास से असंभव भी संभव हो जाता है। अंत में शिव पार्वती विवाह का मन मोहक झांकी दिखाया गया। श्रीमद्भागवत ज्ञान यज्ञ के दौरान संगीतमय कथा, भजनों एवं जयकारों से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रतिदिन बड़ी संख्या में ग्राम परसदा (कनकी), नहरडीह, मोतिमपुर कला सहित आस पास के श्रद्धालु कथा श्रवण हेतु उपस्थित होकर धर्मलाभ अर्जित कर रहे।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बावासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
16 जनवरी 2026
SHOW TIME
मानव मार्केट
शो समय - 12:00 PM
धनेश के आराधना (सीजी)
शो समय - 3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

## खबर संक्षेप

### आज से भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ



**भाटापारा।** श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन नगर के छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन कॉलेज गेट शीतला मंदिर के पास होने जा रहा है, जिसमें कथा वाचक के रूप में भाटापारा शहर के पं. हरगोपाल शर्मा से 21 से 28 जनवरी तक दोपहर 2 बजे से संगीतमय भागवत कथा का वाचन किया जाएगा। आयोजक द्वारा नगर के समस्त धर्म प्रेमियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित हो कथा श्रवण करने का अनुरोध किया गया है।

### देव प्रकाश का छत्तीसगढ़ पुलिस में चयन



**बलौदाबाजार।** पलारी विकासखंड के ग्राम रामपुर निवासी किसान चिंताराम कोशले एवं हीरामती कोशले के पुत्र देव प्रकाश कोशले का चयन छत्तीसगढ़ पुलिस में हुआ। उनके सतत परिश्रम से वे छत्तीसगढ़ पुलिस में आरक्षक के रूप में चयनित हुए। उनके चयन पर माता-पिता, रिश्तेदारों, मित्रों और ग्रामवासियों में खुशी की लहर है।

### जैतखाम पर झंडा चढ़ाया

**गोपालपुर।** स्थानीय ग्राम में गुरु घासीदास बाबा के जयंती मनाई गई। इसमें मुख्य अतिथि दयाराम खुराना पूर्व जिला पंचायत सदस्य, विशिष्ट अतिथि डॉ. टेकलाल साहू, नारायण प्रसाद साहू पूर्व उप सरपंच, रामनाथ साहू भाजपा नेता, मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने गुरु घासीदास बाबा के जैत खाम की पूजा अर्चना कर झंडा चढ़ाया। उक्त सभी अतिथि ने बाबा के बताए मार्ग में चलने के लिए कहा। बाबा के दिए गए उपदेश को बताया और मनखे मनखे एक बरोबर को चरितार्थ करने का अपील की। रात्रि कालीन में मोर गांव के गवाई माटी के सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। इसमें मुख्य सुनिती साहू जनपद सदस्य, विशेषकर साहू पूर्व अध्यक्ष परिक्षेत्र, भागवत साहू ग्राम अध्यक्ष, जीवन साहू पंच प्रतिनिधि, फिरत यादव उपस्थित थे।

### हायर सेकंडरी में शाला प्रबंधन और विकास समिति की हुई बैठक



**हथबंद।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हथबंद में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी राष्ट्रीय पर्व 26 जनवरी के आयोजन को लेकर अतिथियों के चयन सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्राचार्य सीके नायक उपस्थित रहे। शाला प्रबंधन समिति हथबंद की अध्यक्ष विद्या वर्मा, कार्यक्रम अधिकारी योगेश कुमार त्रिवेदी सहित समिति के सदस्य मूलचंद टंडन, नरेश अनंत, प्रकाश पाल, धन्ना धनेश्वर निषाद, संतराम धुव्र एवं राजेश प्रजापति बैठक में मौजूद रहे। बैठक के दौरान 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह को सफलतापूर्वक आयोजित करने, कार्यक्रम की रूपरेखा, जिम्मेदारियों के वितरण तथा विद्यालय के विकास से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया। सभी सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए और कार्यक्रम को गरिमामय बनाने पर सहमति व्यक्त की।

**चेतावनी : बिचौलियों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश**

# भौतिक सत्यापन के बाद टोकन अनुसार किसानों से होगी धान खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



- कलेक्टर ने की विभागीय कार्यों की समीक्षा

कलेक्टर दीपक सोनी ने मंगलवार को समय-सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने समर्थन मूल्य में धान खरीदी की समीक्षा करते हुए दूसरे और तीसरे टोकन में धान का भौतिक सत्यापन पारदर्शितापूर्वक कराने के उपरांत ही किसानों से धान खरीदी करने तथा बिचौलियों पर सख्ती से कार्रवाई के निर्देश दिये।


कलेक्टर श्री सोनी ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिले में अब तक सुचारु रूप से धान खरीदी संचालित हो रही है। अंतिम 10 दिनों में बिचौलिए अवैध धान खपाने की कोशिश करेंगे जिसे नाकाम करना है। उन्होंने कहा कि सत्यापन में धान नहीं मिलने पर टोकन निरस्त कराएं। इसी तरह कम धान होने पर रकबा समर्पण कराएं। उन्होंने एसआईआर अंतर्गत नो मैपिंग, लॉजिकल रीजनिंग एवं अन्य प्रकार के दावा -आपत्ति की सुनवाई नियमानुसार एवं तय समय पर पूरा करने सभी एईआरओ को निर्देशित किया।

कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों की समीक्षा करते हुए कहा कि 1 से 5 वर्ष के लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिये। इसी तरह अविवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन आदि प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने कहा। कोर्ट नियमित रूप से लेने के निर्देश भी दिये। इस दौरान मुख्यमंत्री जनदर्शन, मुख्यमंत्री सचिवालय, सीपी ग्राम्स, कलेक्टर जनदर्शन, समय -सीमा से सम्बंधित आवेदनों के निराकरण में तेजी लाने के निर्देश दिये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर दीप्ति गौते, अवध राम टंडन, निशा नेताम मड़ावी सहित एसडीएम, जनपद सीईओ एवं विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे।

# दामाखेड़ा में नवोदित वंशाचार्य के चादर तिलक समारोह की तैयारियां अंतिम चरण में



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा में आयोजित संत समागम माघ मेला इस वर्ष विशेष रहेगा, जहां 16वें नवोदित वंशाचार्य पंथ उदित मुनि नाम साहब का 23 जनवरी बसंत पंचमी के दिन पंथ प्रकाश मुनि नाम साहब चादर तिलक कर गुरु गद्दी प्रदान करेंगे। उल्लेखनीय है कि बसंत पंचमी पर्व पर ही नवोदित वंशाचार्य का प्रकट उत्सव होता है, जहां कबीर पंथियों द्वारा गुलाल चढ़ाकर संत समागम समारोह मांघ मेला विधिवत प्रारंभ किया जाता है। इस पल का साक्षी बननें देश प्रदेश एवं विदेशों से लाखों की संख्या में कबीर पंथी दामाखेड़ा पहुंचेंगे। इसके लिए कबीर धर्मनगर दामाखेड़ा को विद्युत साथ सज्जा से दुल्हन की तरह सजाया जा रहा है। बड़े बड़े डोम पंडाल एवं स्वागत द्वार बन रहे हैं। पेयजल के लिए जगह-जगह पर नल की व्यवस्था की जा रही है। इस वर्ष श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए भंडारा की व्यवस्था सभा स्थल के बाजू में की जा रही है। सड़कों की मरम्मत कार्य किया जा रहा है। समुचित साफ-सफाई का कार्य हो रहा है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात रहेगी। सरपंच कमलेश साहू एवं ज्ञानी दास ने बताया कि प्रतिदिन देश विदेश एवं प्रदेश के कोने-कोने से कबीर पंथियों का आगमन हो रहा है।

# मनरेगा योजना से अमृत सरोवर तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



ग्राम पंचायत मुसवाडीह के आश्रित ग्राम सेमहराडीह में स्थित अमृत सरोवर नामक तालाब में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के अंतर्गत तालाब गहरीकरण कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर ग्रामीणों में विशेष उत्साह देखने को मिला। तालाब गहरीकरण का उद्देश्य वर्षा जल का अधिकतम संरक्षण, भू-जल स्तर में वृद्धि तथा ग्रामीणों को स्थायी रोजगार उपलब्ध कराना है।

कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच अंजलि सारथी की उपस्थिति में शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि पवन कुमार सारथी, उपसरपंच मंजू डिगेंद्र, पंचगण चमन लाल, यशवंत टंडन, रवि ध्रुव सहित रोजगार सहायक धन्नू लाल ध्रुव विशेष रूप से उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से कार्यस्थल का निरीक्षण कर श्रमिकों से चर्चा की और कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

सरपंच अंजलि सारथी ने कहा कि अमृत सरोवर योजना के अंतर्गत तालाबों का संरक्षण और संवर्धन सरकार की प्राथमिकता है। इससे न केवल जल संकट से राहत मिलेगी, बल्कि पशुपालन, कृषि सिंचाई और ग्रामीण जीवन को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने बताया कि तालाब गहरीकरण से बरसात का पानी लंबे समय तक संचित रहेगा, जिससे आसपास के कुओं और हैंडपंपों के जलस्तर में भी सुधार होगा। सरपंच प्रतिनिधि पवन कुमार सारथी ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीणों के लिए रोजगार का सशक्त माध्यम है। इस कार्य से स्थानीय मजदूरों को अपने ही गांव में काम मिल रहा है, जिससे पलायन पर रोक लगेगी। उपसरपंच मंजू डिगेंद्र एवं पंचगणों ने भी इस कार्य को गांव के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला-पुरुष उपस्थित रहे और उन्होंने भी श्रमदान के माध्यम से कार्य में सहभागिता दिखाई।

ग्रामीणों ने पंचायत एवं शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि तालाब गहरीकरण से गांव की वर्षों पुरानी जल समस्या का समाधान होगा।ग्राम पंचायत द्वारा यह आश्वासन दिया गया कि कार्य को समय-सीमा में पूर्ण कराते हुए गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि अमृत सरोवर आने वाले वर्षों तक ग्रामवासियों के लिए उपयोगी सिद्ध हो सके।

# वटगन विद्यालय में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि मनी



**पलारी।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय वटगन में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर उनकी वीरता को याद किया ग। कक्षा 12वी के छात्र जित्तू बंजारे ने महाराणा प्रताप का छायाचित्र बनाया बच्चों और शिक्षकों ने पुष्प अर्पित किए। एम के वैष्णव व्याख्याता ने बच्चों को बताया की महाराणा प्रताप महान वीर योद्धा थे। वे युद्ध में दुश्मनों को धूल चटा देते थे। चारो तरफ महाराणा प्रताप के गुणगान होते थे, उनके घोड़े का नाम चेतक था, जो की महाराणा प्रताप जैसा बोलते थे, वैसा करते थे उनका घोड़ा भी पूजनीय था। इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य व्याख्याता बी एल ढीढ़ी, एम के वैष्णव, रेखा वर्मा, टी के साहू, सगुण सोनी, सुशीला जांगड़े, रेणुका जांगड़े, प्रीति वर्मा, नीलम फेकर, डाकेश यदु सहित समस्त शिक्षक और विद्यार्थी मौजूद थे।

# महिला कमांडो ने लवन थाना प्रभारी से की मुलाकात



हरिभूमि न्यूज ▶▶| लवन


ग्राम कोनारी में गठित महिला कमांडो की टीम ने लवन थाना में नवपदस्थ थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिंह से सौजन्य मुलाकात की।

इस दौरान महिला कमांडो की टीम ने थाना प्रभारी को बताया कि नशामुक्ति, स्वच्छता महिला सशक्तिकरण पर काम किए जा रहे है। इस पर थाना प्रभारी सिंह ने कहा कि महिला कमांडो को जो भी मदद चाहिए होगी, पुलिस हर संभव सहयोग करेगी महिला कमांडो अपना कार्य अच्छे से करे। ग्राम में महिला कमांडो टीम की गठन के बाद गांव में शराबखोरी, छेड़छाड़ व जुआ-सट्टा जेसे सामाजिक अपराधो के रोकथाम में मदद मिली है। ग्राम कोनारी की महिला कमांडो की टीम इसी तरह कार्य हमेशा करते रहेगी।

इस दौरान अध्यक्ष भुनेश्वरी साहू, सचिव सावित्री रजक, जनपद सभापति अश्वनी रजक सदस्यो में अनिता, आरती, दुलौरिन, मधु पटेल, कृष्णा बाई, उर्मिला, भुनेश्वरी, लक्ष्मणी, मोतिम, सुशीला, सुखवंतीन, सावित्री साहू, सरोजनी, अघ्घन, सावित्री, सविता, करूणा बघेल, दुलौरिन रजक, अनुप पाठक, सकुर नारंगे उपस्थित रही।

# बेल्दार सिवनी में प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 5 से

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



बेल्दार सिवनी स्थित प्राचीन शिव मंदिर प्रांगण में 5 से 7 फरवरी तक तीन दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक आयोजन बाबा अर्धनारीश्वर मंदिर निर्माण समिति एवं समस्त ग्रामवासी बेल्दार सिवनी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न होगा। महोत्सव के प्रथम दिवस 5 फरवरी को प्रातः 10 बजे से भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जिसमें श्रद्धालु बड़ी संख्या में सम्मिलित होंगे। सायंकाल 4 बजे से हिरेश सिन्हा द्वारा भजन-कीर्तन तथा रात्रि 9 बजे से रामायण मानस करमदा का आयोजन किया जाएगा। द्वितीय दिवस 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे से वेदी पूजन,आधिवास यज्ञ एवं रात्रि 8 बजे से पूजा मानस परिवार एवं महासमुंद द्वारा भक्ति मय प्रस्तुति दी जाएगी। तृतीय दिवस 7 फरवरी को प्रातः 10 बजे से प्राण प्रतिष्ठा, हवन-पूजन, पूर्णाहुति एवं विशाल भोग भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रात्रि 8 बजे से आंचल मानस परिवार रिकोकला एवं बलौदा बाजार द्वारा रामायण की भव्य प्रस्तुति होगी। आयोजकों ने क्षेत्र के समस्त श्रद्धालुओं से इस गरिमामय धार्मिक आयोजन में सपरिवार उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील की है।

# मां शारदा स्कूल के छात्रों ने तुरतुरिया का किया शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा



मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों के संपूर्ण व्यक्तित्व के विकास की महत्वपूर्ण कड़ी है। इससे छात्र-छात्राओं को अपने और दूसरों के अनुभव सीखने का अच्छा अवसर मिलता है। जब विद्यार्थी शैक्षणिक भ्रमण पर जाते हैं तो वे अपनी आंखों से प्रत्यक्ष रूप में देखकर किसी भी विषय वस्तु का वर्णन करने में सक्षम हो जातें हैं। इससे भ्रम और मिथ्या की धारणा भी दूर होती हैं। इसी उद्देश्य को लेकर मां शारदा उच्च माध्यमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं को वाल्मीकि आश्रम, तपोभूमि, और माता मंदिर का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

प्राचार्य पी एन साहू ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ ही छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक भ्रमण पर ले जाना बहुत जरूरी है शिक्षण को अधिक से अधिक मनोरंजक, आकर्षक, रूचिकर बनाने के लिए ही छात्र-छात्राओं को समय-समय पर शैक्षिक भ्रमण के लिए भेजा जाता है।

विद्यालय के शिक्षिकाएं योगेश्वरी साहू, मंगलेश्वरी यादव ने बताया कि शैक्षणिक भ्रमण के दौरान बच्चों को पर्यटन स्थल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही छात्रों को पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। बच्चों को प्रकृति का ज्ञान देने के साथ इसके संरक्षण की जानकारी दी गई। इस मौके पर शिक्षिकाएं हेमलता नशीने, मंगलेश्वरी यादव, योगेश्वती साहू, नमिता, रजनी बर्मन, ऊषा वर्मा, जाग्रति, प्रियंका नेताम, मंजुषा कुभकार, पी.एन. साहू प्राचार्य एचडी मानिकपुरी संचालक एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित थीं।

**ग्रामीण अंचलों से 32 टीमों ने भाग लिया**

# लाहोद की टीम ने जीती क्रिकेट प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुंडा



मुस्कान क्रिकेट क्लब धाराशिव के तत्वावधान में क्रिकेट प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में आसपास और दूरदराज के ग्रामीण अंचलों से 32 टीमों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मैच में लाहोद की टीम ने खैरा की टीम को एकतरफा हराकर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं उपविजेता खैरा की टीम तो तीसरे नंबर पर सरखोर की टीम रही। प्रतियोगिता में पनगांव, ठेलकी, कैलाशगढ़, सेल, काटगी, जुड़ा, कारी, ओडन, सरखोर, लाहोद, भिलौनी, ढाबाडीह सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से 32 टीमों ने प्रतियोगिता में भाग लिया था। 19 जनवरी को सेमीफाइनल और फाइनल मैच हुआ। फाइनल मैच लाहोद और खैरा के बीच खेला गया, जिसमें लाहोद की टीम विजेता रही। पुरस्कार वितरण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष बलौदाबाजार पवन साहू, कांग्रेस सेवा दल प्रदेश सचिव अजय ताम्रकार रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि विमल साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य विक्रांत साहू, जनपद सदस्य कालिंद्री सोनवानी, धाराशिव सरपंच प्रतिनिधि केशव पटेल, उपसरपंच प्रतिनिधि दीनदयाल चेलक प्रमुख रूप से उपस्थित। विजेता लाहोद को 50 हजार उपविजेता खैरा को 25 हजार एवं तीसरे नंबर पर रहे सरखोर को 10 हजार का इनाम दिया गया। मैन ऑफ द सीरीज संयुक्त रूप से अश्वनी कुमार एवं विक्की साहू को दिया गया। इसी तरह बेस्ट फील्डर दिनेश यादव, बेस्ट बॉलर योगेश साहू, बेस्ट ऑलराउंडर अश्वनी कुमार, बेस्ट कीपर विक्की साहू, बेस्ट बैट्समैन तेजू साहू एवं बेस्ट कप्तान का खिताब विक्की साहू को दिया गया। जिला पंचायत उपाध्यक्ष पवन साहू ने कहा कि हार जीत लगा रहता है।

online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
19 मार्च, 09 अप्रैल, 07 मई
21 मई, 04 जून 2026 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैंकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17,500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-[+ 5% GST ]
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411